देश के ग्रामीण क्षेत्रों में दूरसंचार नेटवर्क के लिये लक्ष्य

720. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :**
श्री रणजीत सिंह :

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार द्वारा देश के कतिपय ग्रामीण क्षेत्रों को दूरसंचार-नेटवर्क के दायरे में लाने के संबंध में वर्ष 1991-92 के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया गया था;

(ख) यदि हां तो कितने नये दूरभाष-केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य था और इस लक्ष्य के अनुसार कितने दूरभाष कनेक्शन देने का लक्ष्य था;

(ग) क्या यह सच है कि निर्धारित अवधि में यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सका है;

(घ) यदि हां, तो गत वित्तीय वर्ष के दौरान कितने दूरभाष-केन्द्र स्थापित किये गये और कितने दूरभाष कनेक्शन दिये गये;

(ङ) क्या यह भी सच है कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में अधिक दूरभाष कनेक्शन दिये गये है; और

(च) यदि हां, तो ऐसे दूरभाष कनेक्शनों की संख्या कितनी है ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां, पंचायत गांवों में टेलीफोन सुविधा प्रदान करके देश के 12000 ग्रामीण क्षेत्रों को दूरसंचार नेटवर्क में शामिल करने का प्रस्ताव था ।

(ख) 1991-92 में पंचायत टेलीफोन प्रदान करने के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसी नए टेलीफोन एक्सचेंज की आवश्यकता नहीं थी ।

(ग) जी नहीं, कुल 21752 पंचायत टेलीफोन प्रदान किए गए जोकि इस संबंध में वास्तविक लक्ष्य से कहीं अधिक है ।

(घ) से (च) जानकारी एकत्र की जा रही है और इसे सदन के पटल पर रख दिया जाएगा ।

डाक विभाग में डा० अम्बेडकर की फोटो का लगाया जाना

721. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम : क्या संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या संचार मंत्रालय द्वारा डाक विभाग के कार्यालयों में बाबा साहब डा. अम्बेडकर की फोटो न लगाये जाने के लिए कोई निदेश दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो जी. पी. ओ. लखनऊ में पिछले वर्ष लगाई गई डा. अम्बेडकर के फोटो को, जिसका अनावरण उत्तर प्रदेश परिमंडल के तत्कालीन महाडाकपाल ने किया था, हटाये जाने के क्या कारण हैं;

(घ) जी. पी. ओ., लखनऊ से डॉ. अम्बेडकर की फोटो को हटाये जाने के लिए उत्तरदायी व्यक्तियों के नाम क्या हैं और उक्त अपराध के लिये उनके विरुद्ध डाक विभाग द्वारा क्या कार्यवाई की गई है ; और

(ङ) उक्त फोटो को उसी स्थान पर पुनः कब तक स्थापित कर दिया जाएगा ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी० वी० रंगैया नायडू) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) से (घ) लखनऊ जी. पी. ओ. में पोस्टमास्टर जनरल द्वारा डा. अम्बेडकर